रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

www.vananchaleye@gmail.com

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:25 | गुरूवार,25 सितम्बर




## ब्रीफ न्यूज

### सीडीएस जनरल चौहान का कार्यकाल अगले साल 30 मई तक बढ़ा



एजेंसी

नई दिल्ली, 24 सितंबरः रक्षा क्षेत्र से जुड़े एक बड़े फैसले में सरकार ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल अगले साल 30 मई तक बढ़ाने की घोषणा की है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार देर रात कहा कि नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति ने जनरल चौहान का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जनरल चौहान 30 मई, 2026 तक या अगले आदेश तक सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में काम करना जारी रखेंगे। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत की एक दुर्घटना में मृत्यु के बाद 28 सितंबर, 2022 को उन्हें सीडीएस नियुक्त किया गया था। जनरल चौहान 1981 में भारतीय सेना में शामिल हुए और महत्वपूर्ण कमांड और स्टाफ नियुक्तियों के साथ उनका शानदार करियर रहा है। सेना के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक, सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। जनरल चौहान ने ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ के दौरान तीनों सेनाओं के बीच तालमेल स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न केवल तीनों सेनाओं के एकीकरण के जनरल रावत के मिशन को जारी रखा, बल्कि उसे मजबूत भी किया और इसमें प्रमुख भूमिका निभाई।

### लेह हिंसक घटनाएँ: जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा न दिए जाने पर जनता की निराशा

एजेंसी

श्रीनगर, 24 सितंबरः जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि लेह शहर की स्थिति एक 'आँखें खोल देने वाली घटना' है जो स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि जम्मू-कश्मीर के लोग राज्य का दर्जा बहाल करने में देरी और वादों को तोड़ने को लेकर कितने गुस्से और हताश हैं। बुधवार को, राज्य के दर्जे की माँग को लेकर लेह में एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन अचानक हिंसक हो गया, जिसके दौरान झड़पें, पथराव और आगजनी हुई। चार लोग मारे गए और कम से कम 45 घायल हो गए, जिनमें 22 पुलिसकर्मी शामिल हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए, उमर अब्दुल्ला ने कहाः 'लद्दाख को राज्य का दर्जा देने का वादा भी नहीं किया गया था,

# कैबिनेट बैठक का फैसला : रेलकर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का दिवाली बोनस

## बख्तियारपुर-राजगीर तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी

संवाददाता। रांची

नई दिल्ली : केंद्रीय कैबिनेट में बुधवार को 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। यह बोनस दिवाली से पहले कर्मचारियों के अकाउंट में भेजा जाएगा। इसके लिए 1865 करोड़ 68 लाख रुपये के भुगतान को स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज 10 लाख 91 हजार 146 रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) के रूप में 1865 करोड़ 68 लाख रुपये के भुगतान को स्वीकृति दी। रेलवे कर्मचारियों के बेहतर कामकाज को मान्यता देते हुए यह मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजारकरोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह बोनस रेलवे कर्मचारियों के 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा, दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष लगभग 10 लाख 91 हजार अराजपत्रित रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर पीएलबी राशि का भुगतान किया जा रहा है। पिछले साल सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंजूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था। उन्होंने कहा कि रेलवे के समग्र प्रदर्शन में सुधार के लिए रेल कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहन के रूप में पीएलबी भुगतान किया जाता है। प्रत्येक पात्र रेल कर्मचारी के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर अधिकतम देय पीएलबी की राशि 17 हजार 951 रुपये है। यह राशि विभिन्न श्रेणियों के रेल कर्मचारियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप-सी कर्मचारियों को दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की।



### बिहार के लिए 6 हजार करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

रेलवे कर्मचारियों के बेहतर कामकाज को मान्यता देते हुए यह मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पिछलेसाल सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंजूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था।

### उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के मूवमेंट को देखते ही शुरू कर दी फायरिंग

# गुमला में एनकाउंटर के दौरान मारे गए जेजेएमपी के 3 उग्रवादी

## बिशुनपुर प्रखंड के जालिम क्षेत्र में कुछ उग्रवादियों के जमा होने की मिली थी सूचना

संवाददाता

रांचीःबुधवार को गुमला जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन उग्रवादी मारे गए। मारे गए उग्रवादियों में दो सब-जोनल कमांडर शामिल थे। इनमें से एक पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मृतकों की पहचान लालू लोहरा, छोटू उरांव और सुजीत उरांव के रूप में हुई है। लालू लोहरा और छोटू उरांव, दोनों ही सब-जोनल कमांडर थे। इनमें छोटू लोहरा पर पांच लाख रुपये का इनाम था। सभी कई आपराधिक मामलों में वांछित थे। सुजीत उरांव उनकी टीम में एक कैडर के रूप में काम कर रहा था। पुलिस ने घटनास्थल से तीन हथियार भी बरामद किए हैं, जिनमें एक एके- 47 राइफल भी शामिल है। पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि बिशुनपुर प्रखंड केजालिम क्षेत्र में कुछ उग्रवादी जमा हुए हैं। दस्ते में छह से सात उग्रवादी हैं, इसकी भी सटीक सूचना थी। सूचना कन्फर्म होते ही झारखंड जगुआर, गुमला पुलिस और लोहरदगा पुलिस उग्रवादियों की खोज में लग गई।





### पांच-पांच लाख के दो इनामी उग्रवादी समेत तीन उग्रवादी मारे गये, दो फरार

झारखंड जगुआर की टीम के साथ गुमला पुलिस के नक्सल अभियान में दक्ष टीम ने मोर्चा संभाला। इस दौरान पुलिस का सामना जेजेएमपी के बृजेश यादव के दस्ते के साथ हुआ। उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों के मूवमेंट को देख लिया और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। उग्रवादियों के फायरिंग का जवाब सुरक्षा बलों ने भी जबरदस्त तरीके से दिया। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्रवाई से उग्रवादियों में खलबली मच गई। कुछ उग्रवादी गोली लगने के बावजूद जंगल में फरार होने में कामयाब हो गए। सर्च अभियान के दौरान तीन उग्रवादी के शव बरामद किए गए। यह एनकाउंटर बिशुनपुर के केचकी स्थित रोगरीटोली के घने जंगल में हुआ।क साथ जेजेएमपी के तीन उग्रवादियों के मारे जाने के बाद एक तरह से झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) उग्रवादी संगठन का चैप्टर पूरी तरह से क्लोज हो गया है। इससे पहले एक सितंबर को संगठन के 9 नक्सलियों ने एक साथ आत्मसमर्पण कर दिया था। पिछले दो महीने में झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और जिला पुलिस की टीम ने जेजेएमपी नक्सली संगठन को शिखर से शून्य पर ला खड़ा किया है। नक्सली संगठन सुप्रीमो पप्पू लोहरा के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद जेजेएमपी संगठन का पतन शुरू हुआ, जो 1 सितंबर 2025 को संगठन के 9 कमांडरों के आत्मसमर्पण के बाद लगभग पूरी तरह से समाप्त हो चलाथा। बची टीम को अब गुमला में मार

## Asia Cup 2025 में भारत की लगातार 5 वीं जीत, बांग्लादेश को 41 रन से रौंदकर फाइनल में बनाई जगह



संवाददाता

नई दिल्लीःसूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने एशिया कप 2025 में लगातार अपनी 5वीं जीत दर्ज की है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने फाइनल के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सुपर-4 मुकाबले में बांग्लादेश को 41 रन से धूल चटाकर फाइनल में एट्री कर ली है। वहीं भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 168 रन बनाए। जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम महज 127 रन पर ही सिमट गई। हालांकि, भारत ने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा कैच (12) छोड़े हैं। वहीं बांग्लादेश की तरफ से सबसे ज्यादा सैफ हसन ने 69 रन सबसे ज्यादा बनाए। वहीं 169 रनों का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। पिछले मैच पाकिस्तान के खिलाफ एक भी विकेट ना लेने और सबसे महंगे रहे जसप्रीत बुमराह ने इस पर भारत की पहली सफलता तंजिद हसन के रूप में दिलाई। इसके बाद परवरेज हुसैन इमॉन ने सैफ हसन के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन जोड़े। सातवें ओवर में कुलदीप यादव ने परवेज हुसैन इमॉन (21) को आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद भारतीय स्पिन गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेशी बल्लेबाज ढेर नजर आए और एक के बाद अपने विकेट गंवाते चले गए। 10वें ओवर में अक्षर पटेल ने तौहीद हृदोय को 7 रन पर आउट किया। हां इस दौरान सैफ हसन एक छोर से बांग्लादेश की कमान संभाले हुए थे।

### लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग हुई हिंसक

# सोनम वांगचुक ने खत्म की 15 दिन पुरानी भूख हड़ताल

एजेंसी

कोलकाता :

सोनम वांगचुक ने बुधवार को लद्दाख में हिंसा के बीच अपनी 15 दिनों की भूख हड़ताल समाप्त कर दी। वह लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। हालाँकि, इस आंदोलन ने तब हिंसक रूप ले लिया जब बड़ी संख्या में लोग लेह में सड़कों पर उतर आए और आगजनी और तोड़फोड़ की। आसमान में धुएँ और आग की लपटों का घना गुबार छा गया। लद्दाख एपेक्स बॉडी (एलएबी) की युवा शाखा ने 10 सितंबर से 35 दिनों की भूख हड़ताल पर बैठे 15 लोगों में से दो की हालत मंगलवार शाम बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। कई युवाओं ने भाजपा और हिल काउंसिल के मुख्यालय पर पथराव किया।बढ़ते हालात को देखते हुए, स्थानीय प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है, जिससे आगे की अशांति को रोकने के लिए पाँच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। चूँकि नोटिस व्यक्तिगत रूप से नहीं दिया जा सकता, इसलिए यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। इस आदेश का कोई भी उल्लंघन बीएनएस की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई को आमंत्रित करेगा।



## 10वीं और 12वीं के बच्चे हो जाएं तैयार, 17 फरवरी से शुरू होंगे एग्जाम, टेंटेटिव डेटशीट जारी,

एजेंसी

नई दिल्लीःकेंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संभावित तिथियों की घोषणा कर दी है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, ये परीक्षाएँ 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 तक भारत और विदेशों में आयोजित की जाएँगी। बोर्ड ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और स्कूलों को समय रहते योजना बनाने में मदद करना है। 2026 में 204 विषयों में लगभग 45 लाख उम्मीदवारों के परीक्षा में बैठने की उम्मीद है। कक्षा 10 और 12 के छात्र, न केवल पूरे भारत से, बल्कि विदेशों के 26 देशों से भी, इसमें भाग लेंगे, जो सीबीएसई की वैश्विक उपस्थिति को दशार्ता है। बोर्ड ने यह भी बताया है कि मुख्य परीक्षाओं के साथ-साथ, समय पर परिणाम घोषित करने के लिए प्रैक्टिकल, मूल्यांकन और परिणाम-पश्चात प्रक्रियाएँ भी आयोजित की जाएँगी। सीबीएसई ने बताया कि संभावित समय-सारिणी को जल्द जारी करने का उद्देश्य छात्रों, स्कूलों और शिक्षकों को अधिक प्रभावी ढंग से योजना बनाने में मदद करना है। ये संभावित तिथियां वर्ष 2025 के लिए कक्षा 9 और कक्षा 11 के पंजीकरण आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई



न्यूज स्टडी

### लद्दाख में स्थिति नियंत्रण में,

# लोग भड़काऊ वीडियो व अन्य सामग्री न फैलाएँ: गृह मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली, 24 सितंबरः गृह मंत्रालय ने कहा है कि वह केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने और उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देने के मुद्दे पर सभी स्तरों पर सक्रिय रूप से चर्चा कर रहा है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वहाँ स्थिति नियंत्रण में है और जनता से अपील की है कि वे मीडिया या सोशल मीडिया पर पुराने या भड़काऊ वीडियो व सामग्री न फैलाएँ। मंत्रालय ने बुधवार रात एक बयान में कहा कि सुबह हुई कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को छोड़कर, लद्दाख में शाम 4 बजे तक स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में थी और सरकार यह स्पष्ट करना चाहती है कि वह उचित संवैधानिक सुरक्षा उपायों के माध्यम से लद्दाख के लोगों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक तत्व मुद्दों को सुलझाने के लिए सरकार के नेतृत्व में चल रही बातचीत प्रक्रिया को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि श्री सोनम वांगचुक ने इस महीने की 10 तारीख को इस मुद्दे पर भूख हड़ताल शुरू की थी। मंत्रालय ने कहा कि सरकार शीर्ष निकाय लेह और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ इन्हीं मुद्दों पर सक्रिय रूप से चर्चा कर रही है। बयान में कहा गया है कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति और उप-समितियों के औपचारिक माध्यमों और नेताओं के साथ कई अनौपचारिक बैठकों के माध्यम से कई बैठकें हुई हैं। मंत्रालय के अनुसार, इस दृष्टिकोण से अभूतपूर्व परिणाम मिले हैं जैसे लद्दाख की अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण को 45% से बढ़ाकर 84% करना, महिलाओं को परिषदों में एक-तिहाई आरक्षण प्रदान करना और भोटी और प्राङ्ग भाषाओं को आधिकारिक भाषा घोषित करना। इसके साथ ही, 1800 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बयान में कहा गया है कि हालांकि राजनीतिक उद्देश्यों वाले कुछ लोग उच्चाधिकार प्राप्त समिति के तहत हुई प्रगति से खुश नहीं थे ।



## वोट चोरी वाली सरकार की वैधता नहीं, बिहार से शुरू होगी उलटी गिनती : कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपना अभियान तेज करते हुए बुधवार को कथित वोट चोरी, अर्थव्यवस्था, आरक्षण सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला और कहा कि कुछ सप्ताह बाद बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से मोदी सरकार के भ्रष्ट शासन के अंत की शुरूआत होगी।बिहार प्रदेश कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में चार घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए जिनमें एक राजनीतिक और दूसरा बिहार से संबंधित है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बिहार में हुई है। बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और कई अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के अस्वस्थ होने के कारण वह और उनकी पुत्री प्रियंका गांधी वाद्रा बैठक में शामिल नहीं हो सकीं।सूत्रों का कहना है कि कार्य समिति के सदस्य शशि थरूर भी अस्वस्थ होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके।



# शारदीय नवरात्र का तीसरा दिन : रांची में तिरुपति बालाजी स्वरूप का पंडाल, 51 फीट बजरंगबली की प्रतिमा आकर्षण

रांची, संवाददाता ।

शारदीय नवरात्र का आज तीसरा दिन है. राजधानी रांची में दुर्गोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं. करीब 95 फीसदी पंडाल बनकर तैयार हो चुके हैं और पंचमी-षष्ठी तक अधिकांश पूजा पंडालों का भव्य उद्घाटन कर दिया जाएगा. इस बार भी राज्य की राजधानी में कई पूजा समितियां आकर्षक थीम पर पंडाल तैयार कर रही हैं.



**रेलवे स्टेशन के पास बना भव्य पंडाल**

रांची रेलवे स्टेशन के समीप तैयार हो रहा पूजा पंडाल इस बार खास चर्चा में है. इसे देखने के लिए लोग अभी से पहुंचने लगे हैं. यह पंडाल दक्षिण भारत के तिरुपति बालाजी मंदिर के स्वरूप में तैयार किया गया है. पंडाल की वास्तुकला और डिजाइन इतनी बारीकी से बनाई गई है कि श्रद्धालु खुद को वास्तविक मंदिर के वातावरण में महसूस करेंगे.

**51 फीट ऊंची बजरंगबली की प्रतिमा**

मंदिर जैसे पंडाल के मुख्य द्वार पर 51 फीट ऊंची बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गई है. यह विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बन गई है. दूर-दराज से आने वाले लोग यहां रुककर प्रतिमा के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं.

**लेजर लाइट शो का आकर्षण**

इस पंडाल को तैयार करने में 50 लाख रुपए से अधिक की लागत आई है. यहां विशेष लेजर लाइट शो का आयोजन किया जाएगा. साथ ही अलग-अलग रंगों की रोशनी और आधुनिक साउंड सिस्टम के जरिये पूरे पंडाल को जीवंत माहौल देने की तैयारी है. रात होते ही यहां की भव्यता कई गुना बढ़ जाएगी.

**रांची का सालाना आकर्षण**

हर साल की तरह इस बार भी राजधानी का यह पंडाल आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा. पूजा मेला घूमने वाले लोग यहां जरूर पहुंचते हैं. यहां न केवल श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं, बल्कि स्थानीय लोग और बाहर से आने वाले पर्यटक भी पंडाल की भव्यता और सजावट का आनंद उठाते हैं.

**भीड़ और चहल-पहल की तैयारी**

पंडाल के आसपास सुरक्षा और ट्रैफिक की विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो. पूजा समितियों का मानना है कि इस बार भी लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन करने आएंगे. रांची का यह भव्य पंडाल नवरात्र के अवसर पर धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है.

### दिव्य लोक जैसा दिखेगा रांची का यह पूजा पंडाल, उड़ते घोड़े, सुंदर हिरण और अन्य पौराणिक दृश्य के बीच विरोजेंगी मां दुर्गा

रांची: राजधानी रांची में शारदीय नवरात्रि बेहद खास अंदाज में मनाई जा रही है. दुर्गा पूजा आयोजन समितियां भव्य पंडालों का निर्माण कर रही हैं. इन्हीं खास पंडालों में से एक है बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा बनाया जा रहा पंडाल. बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति लगातार 97 वर्षों से दुर्गा पूजा मना रही है. इस वर्ष देवी मां का दरबार एक दिव्य लोक में सजाया जा रहा है. दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजीत सहाय ने बताया कि इस दिव्य लोक में माता रानी का दर्शन ऐसा होगा जहां नीला आकाश, चांद, उड़ते हुए पक्षी और बंगाल के कुशल कारीगरों द्वारा बनाई गई बारीक नक्काशीदार सजावट, झिलमिलाती रोशनी के साथ एक अनूठा नजारा पेश करेगी. अजीत सहाय ने बताया कि माता रानी के दरबार में उड़ते हुए घोड़े (यूनिकॉर्न), सुंदर हिरण और अन्य पौराणिक दृश्य दिव्य लोक थीम पर बने पंडाल की सुंदरता को बढ़ाएंगे. बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने बताया कि यह पूजा का 97वां वर्ष है. कोविड-19 महामारी को छोड़कर, समिति हर साल भव्य दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन करती रही है.

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की निगरानी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के तीन सदस्यीय निरीक्षण दल का पांच दिवसीय झारखंड दौरा

झारखंड में अब तक 31 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों में 15 लाख से ऊपर लाभार्थी जुड़े, अधिकतर लाभार्थी महिलाएं

लाखों महिलाओं की हाइपरटेंशन, डायबिटीज, कैंसर, टीबी, बीपी, सिकल सेल, एनीमिया जैसी बीमारियों की जाँच

रांची, संवाददाता ।



17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मॉनिटरिंग के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की मॉनिटरिंग हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की तीन सदस्यीय दल 21 सितंबर से पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर आई ही है। इस दल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण में ओएसडी डॉ राजलक्ष्मी दास एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलजा आंगमो और विभाग के पदाधिकारी श्री हृदानंद शामिल हैं।

ई पांच दिनों में दल स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के सदस्यों के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित सदर अस्पतालों, ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का दौरा कर अभियान से जुड़ी जानकारी ले रहा है ऐली बेहतर क्रिया के लिए स्थानीय कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर रहा है। अब तक इस दल के सदस्यों ने रांची, खूंटी, गोड्डा, रामगढ़, हजारीबाग, पाकुड़, गोड्डा और गुमला जिलों का दौरा किया है। आगामी दिनों में वे देवघर, बोकारो, लातेहार और लोहरदगा जिलों का दौरा करेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अनुसार अब तक राज्य में 31 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों में 15 लाख से ऊपर लाभार्थी खासकर महिलाएं जुड़ चुके हैं। जिन रोगों को जांच विशेष रूप से की जा रही है उनमें मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर स्क्रीनिंग, सिकल सेल, टीबी, हेमोग्लोबिन, मानसिक स्वास्थ्य, टीकाकरण और प्री नेटल जच्चा बच्चा स्वास्थ्य चेक अप प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ 17 सितंबर 2025 को मध्य प्रदेश के धार से किया था। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान विकसित भारत 2047 के लिए प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सशक्त समाज के दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो महिला केंद्रित निवारक देखभाल पर केंद्रित है।

# स्वस्थ नारी अभियान से अब तक 15 लाख से ज्यादा महिलाएं हुई लाभान्वित

रांची, संवाददाता ।




झारखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 23 सितंबर 2025 तक बड़ी उपलब्धियों तक पहुंच चुका है. अब तक राज्य में 31,036 शिविर आयोजित किए गए हैं और कुल 15,32,424 लाभार्थी इससे जुड़ चुके हैं. अभियान के दौरान 5,96,678 महिलाओं की हाइपरटेंशन और 5,46,577 की डायबिटीज की जांच की गई. वहीं 3,52,637 महिलाओं की ओरल कैंसर, 89,356 की सर्वाइकल कैंसर, 1,91,703 की ब्रेस्ट कैंसर और 1,78,494 की टीबी जांच की गई. इसके साथ ही 2,14,170 सिकल सेल स्क्रीनिंग भी पूरी की गई. अभियान के अंतर्गत अब तक 42,898 नई एएनसी जांच और 80,877 फॉलोअप एएनसी जांच की गई हैं. कुल 1,02,002 टीकाकरण डोज दिए गए हैं और 4,40,4 रक्तदान सेवाएं पूरी की गई हैं. इसके अलावा 1,11,313 अइउट्ट कार्ड और 30,628 पीएम-जय कार्ड जारी किए गए हैं. महिला स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए 4,99,927 पोषण परामर्श और 3,29,335 मासिक धर्म स्वच्छता संबंधी परामर्श सेवाएं दी गई हैं. अब तक 705 मेजर सर्जरी और 5,585 माइनर सर्जरी की गई हैं. यह अभियान न केवल स्वास्थ्य जांच बल्कि पोषण, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के लिए भी एक मजबूत आधार बन रहा है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के नेतृत्व में झारखंड सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इस संकल्प के साथ कार्यरत है कि राज्य की हर बहन, बेटी और मां को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें.

# अस्पतालों के लंबित दावों व पंजीकरण में देरी पर कार्यकारी निदेशक सख्त

रांची, संवाददाता ।



नामकुम स्थित सभागार में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत - मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में राज्य के सभी जिला कार्यक्रम समन्वयक मौजूद रहे. बैठक में अस्पतालों के एम्पैनलमेंट, ई-केवाईसी की स्थिति, सरकारी अस्पतालों के क्लेम स्टेटस, लंबित दावे, जिला अस्पतालों की विशेषज्ञता, पॉलिसी 8 के तहत अस्पतालों की हॉस्पिटलाइजेशन और क्लेम की स्थिति, सरकारी व निजी अस्पतालों के क्लेम वितरण जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई. डॉ अरोड़ा ने निर्देश दिया कि सभी जिले मरीजों को बेहतर इलाज और देखभाल सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि योजना के तहत अधिक से अधिक केस बुक किए जाएं ताकि मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके और अस्पतालों को समय पर भुगतान प्राप्त हो. उन्होंने जिलों को मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने को कहा, ताकि स्थानीय समस्याओं की पहचान और समाधान समय पर किया जा सके. साथ ही यह भी निर्देश दिया कि जिन जिलों में डीपीसी की नियुक्ति लंबित है वहां शीघ्र नियुक्ति की जाए. डॉ अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी जिले में योजना से संबंधित कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल राज्य स्तर पर सूचित किया जाए. उन्होंने यह भी पूछा कि कुछ जिलों में अब तक कुछ अस्पतालों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया है और इसकी विस्तृत जानकारी मांगी. बैठक में जिलों की विशेष समस्याओं पर भी चर्चा हुई और कई मुद्दों का तत्काल समाधान किया गया. अंत में निर्देश दिया गया कि सभी सदर अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर की जाए ताकि मरीजों को संपूर्ण लाभ मिल सके.

### जूनियर चॉकबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम विशाखापत्तनम रवाना

रांची। विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) के एसेंट इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल में 26 से 28 सितंबर तक 16वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक/बालिका चॉकबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है. इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की बालक चॉकबॉल टीम आज बरौनीझपोदानूर स्पेशल ट्रेन से रवाना हुई. कप्तान आयुष टोप्पो, इमैनुएल तिर्की, अनीश तिर्की, सुमन साहिल लकड़ा, हिमांशु उरांव, रोशन भगत, निखिल कुमार, नमन उरांव, सुभाष उरांव, रोहित तिर्की, प्रिंस साहू और लक्की उरांव. टीम के साथ कोच शुभम उरांव भी गए हैं. इस दौरान खिलाड़ियों को विदा करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन पर कई लोग मौजूद रहे. इनमें लोहरदगा के ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन प्रवीण कुमार सिंह, प्रिंसिपल एस.के. झा और शारीरिक शिक्षक सुजाउदीन राजा मौजूद रहे. वहीं झारखंड राज्य चॉकबॉल संघ के महासचिव बृजेश गुप्ता ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और जीतकर लौटने की उम्मीद जताई.

# जेपीएससी संयुक्त सिविल परीक्षा में 4 सीटें रिजर्व रखें : हाईकोर्ट

रांची, संवाददाता ।



झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा 2023 के रिजल्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की. बुधवार को स्पोर्ट्स कोटे के अभ्यर्थी फैजान रजा की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया कि सरकार अगले आदेश तक 4 सीटों पर नियुक्ति ना करे. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि स्पोर्ट्स कोटा अभ्यर्थियों के लिए 4 पद आरक्षित थे लेकिन कोटे से एक भी नियुक्ति नहीं हुई. जिसके बाद कोर्ट ने 4 सीटें रिजर्व रखने का निर्देश देते हुए खढरउ और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव सिन्हा और रोहित सिन्हा ने बहस की. दरअसल, झारखंड लोक सेवा आयोग ने सिविल सर्विस परीक्षा 2023 के लिए आवदेन फरवरी 2024 में लिए थे. डिप्टी कलेक्टर के 207 और डीएसपी के 35 पद समेत कुल 342 वैकेंसी थी. भर्ती में उम्मीदवारों को उम्र में 7 साल की छूट दी गई थी. रिक्त पदों में 155 पद अनारक्षित थे. खढरउ ने जुलाई महीने में ही परीक्षा का रिजल्ट जारी किया था. हाईकोर्ट ने इस मामले में इंडियन ओलम्पिक एसोसिएशन और खेल मंत्रायल को भी पार्टी बनाया है.

# पारस हॉस्पिटल एचईसी में कैंसर मरीजों के लिए पेट-सीटी स्कैन सेवा की शुरूआत

रांची, संवाददाता ।



पारस हॉस्पिटल एचईसी ने अत्याधुनिक पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी- कंप्यूटेड टोमोग्राफी (पेट-सीटी) स्कैन सुविधा की शुरूआत की है। यह आधुनिक तकनीक कैंसर, न्यूरोलॉजिकल और कार्डियक बीमारियों की सटीक जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पारस हॉस्पिटल में पैट स्कैन की सुविधा के साथ ही हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के माध्यम से जांच से लेकर इलाज तक अब मरीजों को एक ही छत के नीचे मिलेगा। मरीजों को संपूर्ण कॉम्प्रिहेंसिव केयर मिलेगा।

पारस हॉस्पिटल एचइसी रांची का पहला ऐसा हॉस्पिटल है, जो मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के साथ कैंसर के इलाज की संपूर्ण इलाज होगा। अब कैंसर के मरीजों को किसी बड़े शहरों में इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। ऑन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश, डॉ निशांत और डॉ नीरू ज्योत्सना ने संयुक्त रूप से कहा कि पेट-सीटी स्कैनिंग से शरीर के अंदर मौजूद असामान्य कोशिकाओं, कैंसर की सही स्थिति, उसके फैलाव और उपचार की प्रगति का पता लगाया जा सकता है। यह तकनीक डॉक्टरों को रोग की शुरूआती अवस्था में ही पहचान करने और मरीज को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने में मदद करती है। झारखंड एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अब पेट-सीटी जैसी उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधा के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। पारस हॉस्पिटल में इस सेवा की उपलब्धता से कैंसर मरीजों सहित अन्य गंभीर रोगियों को सटीक निदान और बेहतर उपचार मिलेगा। पारस हॉस्पिटल एचईसी के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों का भी कैंसर का इलाज किया जा रहा है। अब पेट-सीटी स्कैन जैसी उन्नत सुविधा से इन मरीजों को और अधिक सटीक व गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध होगा।

# डिग्री की जगह प्रोविजनल सर्टिफिकेट से भी भर सकते हैं जेईटी का परीक्षा फॉर्म

रांची, संवाददाता ।



अबुआ अधिकार मंच, झारखंड ने झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित जेईटी परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में छात्र-छात्राओं को हो रही गंभीर समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के नाम मांग पत्र सोपा। मंच के संयोजक अभिषेक शुक्ला ने बताया कि आयोग द्वारा फॉर्म भरते समय मैट्रिक से लेकर स्नातकोत्तर तक के डिग्री प्रमाणपत्र अपलोड करने की अनिवार्यता रखी गई है। लेकिन, राज्य के अधिकांश विश्वविद्यालयों से इतने कम समय में डिग्री प्रमाणपत्र प्राप्त करना संभव नहीं है, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 27 सितंबर से 4 अक्टूबर तक राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में दशहरा अवकाश घोषित है। इस दौरान विश्वविद्यालयों में किसी भी प्रकार का शैक्षणिक या प्रशासनिक कार्य संभव नहीं होगा, जिससे छात्रों के लिए समय सीमा के भीतर फॉर्म भर पाना और भी कठिन हो जाएगा। अभिषेक शुक्ला ने मांग किया के डिग्री प्रमाणपत्र अपलोड करने के स्थान पर अंक पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था स्वीकार की जाए। जेईटी परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि कम-से-कम 15 दिनों के लिए बढ़ाई जाए। मंच के सदस्यों का कहना है कि इन मांगों पर तुरंत कार्रवाई होने से हजारों छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी और वे बिना किसी बाधा के जेईटी परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष किसी मीटिंग में व्यस्त थे उन्होंने तत्काल झारखंड लोक सेवा आयोग के दो पदाधिकारी को वार्ता के लिए भेजा। पदाधिकारी ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं के पास मैट्रिक से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक की डिग्री नहीं है।

# स्विट्ज़रलैंड से रांची पहुंची ओशो की सहयोगी मां आनंद शीला

रांची, संवाददाता ।



ओशो की प्रमुख सहयोगी और प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री सर्चिंग फॉर शीला की मुख्य पात्र मां आनंद शीला स्विट्ज़रलैंड से पहली बार रांची आई. उनके इस दौरे का स्वागत रांची के प्रमुख व्यवसायी विकाश कुमार बनर्जी और सुखेंदु गोप ने बड़े सम्मान और गर्मजोशी से किया. मां आनंद शीला 1980 के दशक में ओशो के आश्रमों के प्रमुख संचालनकर्ता के रूप में पहचानी गईं, जब उन्होंने अमेरिका के ओरेगन में राजनीशपुरम आश्रम की स्थापना की, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक प्रयोग माना गया था. हाल ही में करण जौहर द्वारा निर्मित और नेटफ्लिक्स पर प्रसारित डॉक्यूमेंट्री ह्लसर्चिंग फॉर शीलाह्व ने उनके जीवन की एक नई परिभाषा दी, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ गई. मां आनंद शीला रांची में 7 अक्टूबर तक रहेंगी और इस दौरान वे राज्य की प्राकृतिक सुंदरता से रूबरू होंगी. अपने दौरे के दौरान उन्होंने झारखंड की संस्कृति, आध्यात्मिकता और प्राकृतिक धरोहर का गहराई से अनुभव करने की इच्छा जताई. विकाश कुमार बनर्जी ने मां आनंद शीला के रांची आगमन को लेकर कहा कि जब स्विट्ज़रलैंड जैसे विकसित देश से कोई बड़ी शख्सियत रांची आती है तो यह राज्य सरकार और पर्यटन विभाग के लिए एक सुनहरा अवसर है. हमें इसे उचित सम्मान देना चाहिए. मां आनंद शीला का यहां होना न सिर्फ रांची बल्कि पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है.

**झारखंड पर्यटन के लिए यह एक सुनहरा मौका**

मां आनंद शीला की रांची यात्रा से राज्य को एक अनूठा अवसर मिल सकता है. झारखंड की आध्यात्मिकता, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने के लिए यह सही समय है. विकाश कुमार बनर्जी ने यह भी सुझाव दिया कि झारखंड पर्यटन विभाग को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए और झारखंड की अंतरराष्ट्रीय पहचान को और मजबूत करना चाहिए. इसके साथ ही विकाश कुमार ने रांची में एक विशेष ईको-रिजॉर्ट बनाने की योजना का भी खुलासा किया. इस रिजॉर्ट का उद्देश्य विदेशी मेहमानों को झारखंड की विलक्षण प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति से परिचित कराना होगा जो राज्य के पर्यटन को एक नई दिशा दे सकता है. मां आनंद शीला का रांची आगमन झारखंड के पर्यटन और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है. उनका अनुभव और सुझाव राज्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद कर सकते हैं.

# 212वां स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम, 600 पेंशनधारियों की समस्याओं का हुआ समाधान

रांची, संवाददाता ।




रांची में आयोजित 212वें स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस अवसर पर रक्षा लेखा नियंत्रक पटना हिमांशु शंकर, लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत, तथा रक्षा लेखा महानियंत्रक भारतीय लेखा विभाग राजकुमार अरोरा भी मौजूद रहे. इस कार्यक्रम में कुल 600 पेंशनधारियों की समस्याओं का समाधान किया गया.

**हिमांशु शंकर का संबोधन**

रक्षा लेखा नियंत्रक पटना हिमांशु शंकर ने बताया कि अब तक 32 लाख पेंशनर्स का डेटा रिकॉन्सिलिएशन सीडीए पटना द्वारा किया गया है. पिछले वर्ष ही 1.37 लाख पेंशनर्स को स्पर्श पोर्टल के माध्यम से जोड़ा गया. उन्होंने आश्वासन दिया कि पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण स्पर्श केंद्रों के जरिये लगातार होता रहेगा.

**लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत के विचार**

लेफ्टिनेंट जनरल पदम सिंह शेखावत ने कहा कि सैनिकों का बलिदान हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा. उन्होंने कहा कि शहीद सैनिकों के परिवारों के साथ सेना हमेशा खड़ी रहेगी. उन्होंने स्पर्श पोर्टल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रणाली सेवाओं को डिजिटल और सरल बनाती है तथा सही समय पर सही व्यक्ति को पेंशन उपलब्ध कराती है.

**रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा -**

स्पर्श व्यवस्था अद्भुत है, अब पेंशनर्स को बैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, सीधे खाते में डिजिटल माध्यम से पेंशन पहुंच रही है. भारत आज डिजिटल पेमेंट करने वाला सबसे बड़ा देश बन चुका है. अब तक 32 लाख पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान घर बैठे हो चुका है, जबकि 80 हजार शेष हैं, जिनका समाधान जल्द किया जाएगा. उन्होंने अपील की कि जमशेदपुर और गुमला में भी स्पर्श कार्यालय खोले जाएं ताकि सैनिक परिवारों को और अधिक सुविधा मिल सके. इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने पूर्व सैनिकों को पेंशन चेक वितरित किए और वीर नारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. रक्षा लेखा महानियंत्रक राजकुमार अरोड़ा ने कहा कि स्पर्श पोर्टल थल सेना, नौसेना और वायुसेना के पूर्व सैनिकों व शहीद जवानों के परिवारों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है. उन्होंने बताया कि अब तक 2,300 संगठन और 31 लाख पेंशनर्स पोर्टल से जुड़ चुके हैं. वर्ष 2024 में ओआरओपी-3 के अंतर्गत केवल 12 से 15 दिनों में 20 लाख पेंशनर्स को पेंशन का भुगतान किया गया, जिस पर 1,200 करोड़ रुपये खर्च हुए. स्पर्श केवल पेंशन ट्रांसफर ही नहीं बल्कि शिकायतों का डिजिटल समाधान भी प्रदान करता है. 2024 में ओआरओपी 3.0 के माध्यम से 20 लाख जीवन प्रमाण पत्र संकलित किए गए.



# एनएमएल ने मनाया 84 वां सीएसआईआर स्थापना दिवस 2025, कई कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर, संवाददाता**



वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) ने बुधवार अपने सभागार में 84 वां सीएसआईआर स्थापना दिवस मनाया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संदीप कुमार कर कार्यकारी निदेशक आरडीसीआईएस स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल), डॉ संदीप घोष चौधुरी निदेशक सीएसआईआर एनएमएल, डॉ संजय कुमार मुख्य वैज्ञानिक और जय शंकर शरण नियंत्रक प्रशासन सीएसआईआर एनएमएल मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान निदेशक डॉ संदीप घोष चौधुरी ने मंचासीन अतिथियों, एनएमएल से सेवानिवृत्त कर्मियों, वैज्ञानिकों और आमंत्रित जनों का स्वागत भी किया। इस अवसर पर डॉ घोष ने कहा कि आठ दशकों से अधिक समय से सीएसआईआर केवल एक संस्था नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की ज्ञान-रीढ़, नवाचार की ध्वजवाहक और स्वतंत्रता से आत्मनिर्भरता तथा अब विकसित भारत @2047 की यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार रहा है। आगे उन्होंने कहा कि जब 1942 में सीएसआईआर की स्थापना हुई थी और भारत अब भी औपनिवेशिक शासन के अधीन था। उस समय दूरदर्शी नेताओं जैसे भारत में शोध प्रयोगशालाओं के जनक कहे जाने वाले सर शांति स्वरूप भटनागर ने वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों के बीज बोए। उनका दृष्टिकोण सरल किंतु गहन था। विज्ञान और प्रौद्योगिकी को समाज की सेवा करनी चाहिए। आज सीएसआईआर के पास देशभर में 38 राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं, 39 आउटरीच केंद्र और 3 नवाचार परिसरों का एक सशक्त नेटवर्क है। जो कृषि और एयरोस्पेस से लेकर स्वास्थ्य एवं ऊर्जा तक भारत की अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र की सेवा कर रहा है। हमारे वर्तमान योगदान अनेक क्षेत्रों में फैले हुए हैं।स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान, ऊर्जा एवं पर्यावरण, सामग्री एवं विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी तथा सतत विकास। वहीं 84 वर्षों का जश्न मनाते हुए हमारी दृष्टि भविष्य की ओर होनी चाहिए। विकसित भारत @2047 के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार स्तंभों पर आधारित भारत के विकसित होने का आह्वान किया है। जिसमें आर्थिक विकास एवं आत्मनिर्भरता, सामाजिक विकास एवं समानता, स्थिरता एवं जलवायु सहनशीलता और वैश्विक नेतृत्व शामिल हैं। सीएसआईआर इस सपने को साकार करने में केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। साथ ही डॉ संजय कुमार मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, धातु निष्कर्षण एवं पुनर्चक्रण ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ संदीप कुमार कर ने औद्योगिक दृष्टिकोण और राष्ट्र के आत्मनिर्भर भारत मिशन के अनुरूप, औद्योगिक चुनौतियों को हल करने के लिए संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल भी दिया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे कच्चे माल की नमी प्रबंधन एवं परिवहन, सिंटर संचालन में ऊर्जा की बचत, कार्बन फुटप्रिंट में कमी, एलडी स्लैग का उपयोग, इस्पात एवं फेरो-एलॉय में कार्बन कैप्चर एवं उपयोग तथा उन्नत स्वदेशी इस्पात प्रौद्योगिकियों के विकास का उल्लेख भी किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण की गौरवशाली यात्रा में सीएसआईआर परिवार एवं एनएमएल कार्मिकों को अपनी शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान कर्मचारियों के आश्रित बच्चों के लिए निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसके बाद मुख्य अतिथि डॉ संदीप कुमार कर ने निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं, सीएसआईआर-एनएमएल कर्मचारियों के आश्रित मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर सीएसआईआर में 25 वर्ष पूर्ण कर चुके कर्मचारियों तथा 30 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भी सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में जय शंकर शरण ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**निबंध प्रतियोगिता विजेता**

श्रेणी 1 (कक्षा 5 से 8) : प्रथम पुरस्कार - पार्वती, द्वितीय पुरस्कार - सक्षम शर्मा, तृतीय पुरस्कार - आदर्श कुमार

श्रेणी 2 (कक्षा 9 से 12) : प्रथम पुरस्कार - नव्या श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार - रीमा कुमारी मुदी, तृतीय पुरस्कार - अक्षिता राज

**चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कृत विद्यार्थी**

जेश्विता, अनुभवी, आराध्या सिंह, हव्यास्री, प्रकृत कुमार, नभ श्रीवास्तव, स्निग्धा बागुई, सारन्या बेहरा, अनोखी, आर्यन सिंह गौर, जी. प्रणवी, प्रियंका कुमारी मुदी, रीमा कुमारी मुदी, एसएलवी जयश्री

## उपायुक्त ने जिले में अधिकारियों को राजस्व संग्रहण करने का दिया आदेश



**लातेहार, संवाददाता**

बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का अयोजन किया , बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने वार्षिक लक्ष्यों को हर हाल में पूरा करें , उन्होंने आंतरिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए , बैठक में जिले के नगर पंचायत क्षेत्र एवं अंचलों में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई , सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया , उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया , बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज मामलों के समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया गया , बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक ने कई योजनाओं का किया भूमिपूजन व शिलान्यास

**बेरमो, संवाददाता**



डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने बुधवार को नावाडीह प्रखंड के कई गांवों में विभिन्न मद से पांच योजनाओं का भूमि पूजन व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत प्रखंड के पोटसो पंचायत के बंडासीमर नदी पर पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन तथा विधायक मद से बांधटांड में पानी टंकी से पानी टंकी टंडीया तक पीसीसी सड़क निर्माण, खरपिटो पंचायत के कुड़पनिया गांव में भुनेश्वर महतो के बारी से तेजो महतो के घर तक गार्डवाल का निर्माण, नावाडीह पंचायत के ताराटांड़ गांव में युगल महतो के खेत से सरयू महतो के खेत तक गार्डवाल निर्माण तथा चिरूडीह पंचायत के सदर गांव में शेर मोहम्मद के घर के सामने से पेंडरा बांध के जाने वाले रास्ते पर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधायक महतो ने संबंधित संवेदकों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की कोताही बरतने की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।वहीं कुड़पनिया तथा चिरूडीह में ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और समाधान का आश्वासन दिया। इससे पहले पोटसो एवं कुड़पनिया में ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर जिप सदस्य फूलमती देवी, खरपिटो मुखिया नंदलाल नायक, पोटसो पंसस पति महतो, जेएलकेएम नेता संदीप कुमार महतो, महावीर महतो, कोलेश्वर महतो, दौलत महतो, चंद्रिका महतो, अनिल महतो,तेजो महतो, राजेश रजक, सुनील वर्मा,कृष्णा रविदास, सुनील महतो, तिलक नायक, मन्नालाल नायक, राकेश रविदास, सुजीत महतो सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## परसुडीह सोसाइटी कॉलोनी की महिलाएं फिल्मी और गरबा की धुनों पर जमकर थिरकी

**जमशेदपुर, संवाददाता**



परसुडीह चर्च रोड को-ऑपरेटिव सोसाइटी कॉलोनी की महिलाओं द्वारा डांडिया कार्यक्रम का आयोजन कॉलोनी स्थित मैदान परिसर में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में लगभग 75 से अधिक लोगों ने एक साथ गरबे की धुन में डांडिया रास किया। भक्ति संगीत की धुनों पर महिलाएं एवं किशोरियों ने अलग अलग समुह बनाकर डांस किया। जिससे वहां का माहौल भक्तिमय बना हुआ था। साथ ही फिल्मी और गरबा की धुनों पर सब जमकर थिरके। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के मधुर स्वर के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होने से हमारी संस्कृति समेत परंपराओं को पहचान मिलती है और जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है। इस दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर कर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया की धुन पर देर रात्रि तक गरबा और डांडिया रास का आनंद लिया। अंत में सभी ने लजीज व्यंजन का आनंद भी लिया। यह कार्यक्रम मंगलवार की देर शाम को आयोजित हुआ था। मौके पर बबली, स्वाति, कोमल, उषा, विनिता, सिन्धु, सुनीता, ललिता, अनिता, नीतू, अर्चना, रानी, अन्नु, प्रतिमा, गुड्डी, संतोष, मोहिनी समेत सोसाइटी की अन्य महिलाएं भी मौजूद थी।

## बोकारो के सरोज कुमार मिश्रा को राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**बोकारो, संवाददाता**



झारखंड के बोकारो जिले के प्रख्यात चित्रकार सरोज कुमार मिश्रा को आज भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान समारोह राजधानी दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, 15 जनपथ में आयोजित हुआ। यह पुरस्कार राष्ट्रीय ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के अवसर पर प्रदान किया गया, जिसमें सरोज कुमार मिश्रा को चित्रकला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया।राष्ट्रपति महोदय ने सम्मान प्रदान करते हुए कहा, यह पुरस्कार न केवल सरोज कुमार मिश्रा की कला प्रतिभा को सम्मानित करता है, बल्कि यह हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित करता है। पुरस्कार ग्रहण करने के बाद अपने उद्बोधन में सरोज कुमार मिश्रा ने भावुक शब्दों में कहा, मैं इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति महोदय का आभारी हूं। यह पुरस्कार मुझे और अधिक प्रेरित करता है कि मैं चित्रकला के क्षेत्र में और भी उत्कृष्ट कार्य करूं। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा, यह पुरस्कार झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को देशभर में गौरवान्वित करता है। कार्यक्रम में संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल, अतिरिक्त सचिव सुश्री अमिता प्रसाद सरभाई, तथा ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. नंद लाल ठाकुर सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सभी ने सरोज कुमार मिश्रा को उनकी उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए बालक बालिका टीम रांची रवाना

**रामगढ़, संवाददाता**

**डीईओ कुमारी नीलम और एडीपीओ नलिनी रंजन ने हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना।**

बुधवार को झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रामगढ़ में जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम और एडीपीओ नलिनी रंजन ने रांची के खेलगांव स्थित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए बालक एवं बालिका टीम को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने कहा कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रांची में आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले से 48 बालक बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले वर्ष रामगढ़ जिला अंडर 17 बालक वर्ग में जनता +2 उच्च विद्यालय चैनपुर मांडू की टीम ने राज्य में विजेता रही थी। इस वर्ष भी रामगढ़ जिला का राज्य में अच्छा प्रदर्शन करेगी। वहीं एडीपीओ नलिनी रंजन ने कहा कि दोनों टीमें काफी सशक्त गठित की गई है। इसमें बेहतर सामंजस्य बैठकर खिलाड़ियों का चयन किया गया है यह टीम बेहतर करेगी ऐसी उम्मीद है। मौके पर एपीओ कुमार राज,शिक्षक मिथलेश कुमार रविदास,कमल कुमार महतो,शेखर कुमार,दीपक कुमार सिंह, कुलदीप कुमार, रौशन करमाली, प्रियंका कुमारी,मनीष कुमार सिंह, मो. मुस्तकीम,पंकज कुमार राय, आलोक कुमार मिश्रा, खेमलाल महतो, बीरेंद्र कुमार, भीखन तिर्की,माधुरी सिंह, अर्चना मेहता, बसंत नायक सहित जिले के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जीएसटी दरों में कटौती के बाद रामगढ़ कैंट में चल भाजपा का जागरूकता अभियान, सांसद मनीष जायसवाल ने बीजेपी कार्यकताओं संग किया पदयात्रा

**रामगढ़, संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी के 'सेवा पखवाड़ा-2025' के तहत केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में की गई कटौती को लेकर बुधवार को रामगढ़ कैंट में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस पदयात्रा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल विशेष रूप से शामिल हुए। यह पदयात्रा रामगढ़ शहर रामगढ़ कैंट मेन रोड के सुभाष चौक से शुरू होकर गुरुद्वारा रोड होते हुए लोहार टोला तक गई। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा कार्यकताओं ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में जाकर दुकानदारों और ग्राहकों को नई जीएसटी दरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सांसद ने दुकानदारों से अपील की कि वे संशोधित दरों के अनुसार ही ग्राहकों को सामग्री बेचें। कार्यकताओं ने हाथों में भाजपा के झंडे और जीएसटी में कमी तथा स्वदेशी जागरण से संबंधित तख्तियाँ लेकर खूब नारे बुलंद किए । सांसद मनीष जायसवाल ने विभिन्न प्रतिष्ठान संचालकों और ग्राहकों को गुलाब के फूल भेंट कर नई जीएसटी के अनुरूप खरीद-बिक्री करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का भावनात्मक आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्सवों की शुरूआत के अवसर पर जनता को बचत उत्सव का तोहफा दिया है। अभियान के दौरान लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल सहित भाजपा नेताओं का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। कई प्रतिष्ठान संचालकों ने नई जीएसटी दरों का पालन करने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आश्वासन भी दिया। इस पदयात्रा में जीएसटी घटी मिली दिवाली उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार, ₹हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी और ₹पीएम मोदी का आभार₹ जैसे नारे गूंजते रहे। इस पदयात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, विजय जायसवाल, राजू चतुवेर्दी, रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, लोकसभा क्षेत्रवके सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, प्रो. संजय सिंह, खिरोधर साहू, छोटन सिंह उर्फ रंजन फौजी, लक्ष्मी देवी, राजेश ठाकुर, अनिल मिश्रा, शीतल सिंह, मिथलेश कुमार मंडल, आलोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, रॉबिन गुप्ता, ऋषिकेश सिंह, गौतम कुमार महतो, संतोष कुमार साहू, बृजेश पाठक आदि थे।

## मामला कुर्मी महतो को एस टी आरक्षणमें शामिल करने को लेकर

**रामगढ़, संवाददाता**

कुर्मी महतो के द्वारा एस टी कोटा में आरक्षण के मामले को लेकर जिला भर के आदिवासी समाज के भाई बहनों ने सिंधु कानू मैदान से लेकर समनालय के मुख्य गेट तक 8 किलोमीटर की लंबी लाइन चलती रही. हनुमंत कहा जा सकता है कि लाखों की संख्या में आदिवासी भाई बहनों ने अपनी जज्बा,, जोश, और शक्ति का प्रदर्शन आंदोलन के रूप में जबरदस्त ढंग से किया और रामगढ़ की धरती पर इतनी भीड़ इसके पहले कभी देखने को नहीं मिला। शांतिपूर्ण आंदोलन के रूप में चल रहे आदिवासी समाज के लोगों ने कुर्मी महतो के आरक्षण के खिलाफ नारा बुलंद किया और समानाथालय के गेट की मुख्य सड़क जो मुख्य मार्ग से 3 किलोमीटर के अंदर, आदमी को खड़ा रहने का स्थान नहीं मिल रहा था। जिला के सभी प्रखंडों पतरातु रामगढ़,गोला, दुलमी, चित्तरपुर और मांडू के विभिन्न गांव एवं जंगलों की फिजाओं में रहने वाले विभिन्न आदिवासी समुदाय के लोगों का उग्र प्रदर्शन रहा, लेकिन शांतिपूर्ण.। भीड़ इतनी थी की सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी लाइन लगी हुई थी, आलम यह था की मोटरसाइकिल भी पर करना मुश्किल था। सभी प्रखंडों से आए आदिवासी समाज के लोगों ने अपने बैनर तले अपनी आवाज को बुलंद किया। प्रदर्शन करने वालों में राजेश्वर गंजू, ललित राम, राजकुमार राय, नीरज मुंडा, डीसी को ज्ञापन भी सौंपा।

# दुर्गा पूजा को लेकर नावाडीह और पेंक थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**बोकारो, संवाददाता**



**बोकारो थर्मल/नावाडीह (बेरमो)।** नावाडीह थाना परिसर में मंगलवार को दुर्गा पूजा/दशहरा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन की गयी।बैठक की अध्यक्षता प्रमुख पूनम देवी ने की।मौके पर प्रमुख पूनम देवी ने दशहरा पर्व आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील जनप्रतिनिधियों से की। साथ ही कहा कि किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले असमाजिक तत्वों की पहचान कर उसकी सूचना प्रशासन को तुरंत दें। साथ ही कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल के जिम्मेवार व्यक्ति को सरकारी गाइड लाइन का पालन करना अति आवश्यक होगा। वही सीओ अभिषेक कुमार तथा बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि डीजे पर पूर्णरूपेन प्रतिबंध हैं।पूजा कमिटी के सभी सदस्यों के पास आईकार्ड होना बेहद जरूरी है। साथ ही मोटरसाइकिल स्टेंड जरूर बनाए । सभी पंडाल में अग्निशामक यंत्र जरूर हो, श्रद्धालुओं के लिए इंट्री एवं एग्जिट की सुविधा हो।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रशासन पूर्ण रूप से नजर रखेगी चुकी व्हाट्स एप्प या फेसबुक पर आज के युवा दिग्भर्मित करने वाली पोस्ट को डाला करते हैं, इससे बचने की जरूरत है।सभी पूजा समिति को निर्देश देते हुए कहा कि पूजा का आयोजन व विसर्जन का रूट के साथ आवेदन जमा करें।पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव का मोबाइल नम्बर भी दें। उन्होंने कहा कि सभी जनता का सहयोग अपेक्षित है। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी और नीतिश कुमार ने सरकार के गाइड लाइन से पूजा समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि पूजा समिति को लाइसेंस लेना होगा। उन्होंने मंदिर एवं मेला प्रांगण में सीसीटीवी कैमरा लगाने, निर्वाध बिजली के लिए जनरेटर लगाने, डीजे बाजा, शराब पर पूर्ण प्रतिबंध रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि अफवाह से बचे और सामाजिक तत्वों की सूचना दे। वहीं बैठक में शामिल कई लोगों ने पूरी नवरात्र भर प्रशासन से अवैध शराब पर अंकुश लगाने की मांग की। चुकी किसी भी अप्रिय घटना घटने का मुख्य कारण केवल शराब ही है। जिसपर थाना प्रभारी ने कहा कि अवश्य ही पुलिस अवैध शराब पर शिकंजा कसेगी।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो पुलिस को तुरंत ही सूचना दें। मौके पर नावाडीह जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद,सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार महतो,पूर्व प्रमुख मोहन महतो, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश भारती, मुखिया किरण देवी, नरेश विश्वकर्मा, उमेश महतो, प्रदीप वर्मा, आरती देवी, पूर्व मुखिया रणविजय सिंह, भलमारा मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र प्रसाद, पंसस ममता भट्टाचार्य, पति महतो, डिलेश्वर महतो ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी, बासुदेव शर्मा, बालेश्वर महतो,राज हसन, दशरथ महतो, दिनेश प्रसाद, मनोज गुप्ता, दिनेश प्रसाद, नारायण कानू,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अरगड्डा सुरक्षा टीम पर कथित कोयला चोरों ने दिन दहाड़े किया हमला

**रामगढ़, संवाददाता**



अरगड्डा सुरक्षा टीम पर कथित कोयला चोरों ने बंद पड़े केडी कंपनी स्थित चूनाभट्टा के समीप अचानक दिन दहाड़े हमला कर दिया गया। जिसमें सुरक्षा विभाग के एक अधिकारी समेत चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए हैं। और बेहतर इलाज के लिए सुरक्षा अधिकारी एवं एएसएसआई को केंद्रीय अस्पताल नईसराय रेफर कर दिया गया है। कि अचानक असमाजिक तत्वों द्वारा उनपर हमला बोल दिया गया। जिसमें एक सुरक्षा अधिकारी दीपक कच्छप व एएसएसआई प्रदीप बाड़ा, प्रहरी संजीत कुमार, होमगार्ड थरमू उरांव, मुबारक केरकेट्टा घायल हो गए। जहाँ से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल गिद्दी ए ले जाया गया। सुरक्षा अधिकारी दीपक कच्छप एवं एएसएसआई प्रदीप बाड़ा को बेहतर इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल नईसराय भेजा गया है।घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना के उपरांत गिद्दी पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी के मुताबिक सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र की सुरक्षा विभाग के गश्ती दल सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कच्छप के नेतृत्व में सिरका चुनाभट्टा स्थित भूली क्वार्टर बोलेरो जेएच 01ईयु 5684 में सवार होकर पेट्रोलिंग के लिए निकला था। लेकिन जैसे ही सुरक्षाकर्मी बोलेरो से चूना भट्टा टाड़ के समीप पहुंचा, वैसे ही कई लोगों ने बोलेरो को घेर लिया। और नोक झोंक होने लगी, बाद में गाड़ी में ही बैठे सुरक्षा कर्मियों के साथ भीड़ ने मारपीट करना शुरू कर दिया गया। माहौल को देखते हुए सुरक्षाकर्मी बोलेरो को लेकर किसी प्रकार वहां से भाग निकले। मारपीट में सुरक्षा टीम के लोगों के पैर, मुंह व अन्य अंदरूनी चोटे लगी है। बोलेरो को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। बहरहाल पुलिस द्वारा मामले की पड़ताल की जा रही है।जबकि घायलों का इलाज चल रहा है।



# शू डिजाइनिंग में बनाएं अपना करियर

**आजकल फुटवेयर फैशन काफी ट्रेंड में है। लोग तरह-तरह के शूज और सैंडल पहनते हैं। कहा जा रहा है कि अगले 5 साल तक फुटवेयर इंडस्ट्री में लगभग 1 मिलियन नौकरी होगी। अगर आप भी कुछ यूनीक करियर की खोज रहे हैं या फिर डिजाइनिंग में करियर बनाना है, तो आप शू डिजाइनिंग कोर्स कर सकते हैं।**

फैशन के दौर में आजकल ट्रेंडी फुटवियर की काफी डिमांड है। बताया जा रहा है कि लेदर और नॉन लेदर फुटवेयर इंडस्ट्री में अगले पांच साल में 1 मिलियन से भी ज्यादा नौकरियां होंगी।

## फुटवियर इंडस्ट्री में करियर ऑप्शन्स क्या है?

- फुटवियर डिजाइनर
- फुटवियर डेवलपर
- रिटेल स्टोर्स मैनेजर
- प्रोडक्शन मैनेजर
- फुटवियर टेक्नीशियन
- फुटवियर मर्चेंडाइजर
- रिटेल मैनेजर
- प्रोडक्ट मैनेजर
- फैशन डिजाइनर
- फुटवेयर डेवलपमेंट मैनेजर

## डिग्री व सर्टिफिकेट कोर्स

### सर्टिफिकेट कोर्स

- सर्टिफिकेट इन फुटवेयर डिजाइन
- सस्टेनेबल फुटवेयर स्पेशलिस्ट
- सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन फुटवेयर मैन्यफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी

### डिप्लोमा कोर्स

- डिप्लोमा इन फुटवेयर डिजाइन

### डिग्री

- बैचलर ऑफ डिजाइन
- मास्टर्स ऑफ डिजाइन

तमिलनाडु देश का बड़ा लेदर एक्सपोर्टर इस समय भारत में हाई-क्वालिटी फुटवेयर बन रहे हैं बल्कि एक्सपोर्ट भी किए जा रहे हैं। लेदर, लेदर प्रोडक्ट्स और फुटवियर का 40% एक्सपोर्ट करने वाला तमिलनाडु देश का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है।






# एआई को अपना दोस्त बनाएं नौकरी का डर होगा खत्म!



**बड़ी कंपनियों में ले-ऑफ की खबरें लोगों को डरा रहा है। लोगों का मानना है किए आई रोजगार के लिए खतरा साबित हो रहा है। हालांकि इस बात में सच्चाई है कि एआई के कारण कुछ नौकरियों पर असर पड़ा है। लेकिन एआई की वजह से ही उससे भी ज्यादा लोगों के लिए मौके भी बने हैं।**

बड़ी कंपनियों में ले-ऑफ की खबरें लोगों को डरा रहा हैं। लोगों का मानना है कि एआई रोजगार के लिए खतरा साबित हो रहा है। हालांकि इस बात में सच्चाई है कि एआई के कारण कुछ नौकरियों पर असर पड़ा है। लेकिन एआई की वजह से ही उससे भी ज्यादा लोगों के लिए मौके भी बने हैं। ह्यूमन टच, क्रिएटिव और स्ट्रैटजिक वाले रोल्स की डिमांड तेजी से बढ़ी है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप खुद को अपस्किल करें और थोड़ा सा कॉन्फिडेंस लाएं व एआई को अपना दोस्त बनाते हैं, तो यह तय है कि मार्केट में आपकी डिमांड कभी खत्म नहीं होगी।

### कस्टमर सर्विस

पिछले साल एक स्टडी में कहा गया कि एआई से 60% कॉल सेंटर जॉब्स प्रभावित हो सकती है।

### मार्केटिंग

हालांकि बेसिक डिजिटल मार्केटिंग रोल्स खतरे में हैं, लेकिन क्रिएटिव कैंपेन स्ट्रैटेजी ह्यूमन्स सुरक्षित हैं।

### हेल्थकेयर

डायग्नोस्टिक्स और रिकॉर्ड-कीपिंग को एआई टूल्स ऑटोमेट कर रहे हैं।

### एजुकेशन

ट्यूटर्स और ऑटोमेटेड ग्रेडिंग सिस्टम्स बेसिक टीचिंग असिस्टेंट रोल्स एआई कम करने का काम कर रहा है।

### लीगल

कॉन्ट्रैक्ट एनालिसिस और बेसिक रिसर्च को एआई ऑटोमेट कर रहा है। वहीं इसका असर पैरालीगल और जूनियर लॉयर्स पर भी है।

### जर्नलिज्म

एआई का असर जूनियर जर्नलिस्ट्स और कॉपी एडिटर्स पर ज्यादा है। एआई कंटेंट मॉडरेशन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और बेसिक फैक्ट-चेकिंग कर रहे हैं।

### मैनेजमेंट

मिड-लेवल और ऑपरेशनल रोल्स को भी एआई प्रभावित कर रहा है। इंटरव्यू शेड्यूलिंग, रिज्यूमे स्क्रीनिंग और परफॉर्मेंस ट्रैकिंग आदि काम एआई कर रहा है।

### फाइनेंस

कई जगह अब एआई टूल्स बेसिक अकाउंटिंग और बजट एनालिसिस को हैंडल कर रहे हैं।

### सॉफ्टवेयर

कोडिंग में 40% तक जूनियर रोल्स की मांग घटी है। क्योंकि एआई से डेटा क्लीनिंग और बेसिक एनालिटिक्स भी हो रहा है।

## खुद को ऐसे करें अपस्किल

- एआई रिपीटिटिव काम करता है, लेकिन इमोशनल इंटेलिजेंस, क्रिएटिव सॉल्यूशन्स और ह्यूमन टच एआई की पहुंच से बहुत दूर है। ह्यूमन कनेक्शन अभी भी बहुत जरूरी है। इसलिए अपने फील्ड के लोगों से जुड़े रहें, इंडस्ट्री ट्रेंड्स पर नजर रखें और मेंटर्स ढूंढें।
- अगर आप जर्नलिस्ट हैं, तो आपको डेटा जर्नलिज्म, इमोशनल स्टोरीटेलिंग, एआई-बेस्ड रिसर्च टूल्स या मल्टीमीडिया स्टोरीटेलिंग सीखना चाहिए।
- लीडरशिप, स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट और ह्यूमन इंटरेक्शन्स आदि एआई के बस की बात नहीं है।
- अगर आप मैनेजर हैं, तो आपको डेटा-ड्रिवन डिसीजन मेकिंग और एआई टूल्स का इस्तेमाल करना सीखना चाहिए। इसलिए आप अपनी इमोशनल इंटेलिजेंस और कम्युनिकेशन को अधिक शार्प करें।
- सॉफ्टवेयर सेक्टर में सिस्टम आर्किटेक्ट्स, सीनियर डिवेलपर्स और मशीन लर्निंग स्पेशलिस्ट्स जैसे रोल्स अभी भी सुरक्षित हैं।
- क्रिएटिविटी, कॉम्प्लेक्स प्रॉब्लम-सॉल्विंग और स्ट्रैटेजिक थिंकिंग जैसे काम एआई अभी भी नहीं कर सकता है।
- साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड या एआई डिवलपमेंट सीखकर आप मार्केट में बने रह सकते हैं।
- रोजाना के दोहराव वाले काम एआई से कराएं और बचे हुए समय में अपनी प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को बढ़ाएं। एआई सारे काम कर सकता है, लेकिन वह लीडरशिप, क्रिएटिव सोच, टीमवर्क और इंसानों जैसी समझ नहीं ला सकता है। इसलिए खुद को इसमें अपस्किल रखें। समय के साथ ही छोटे-छोटे कोर्स करते रहें और एआई टूल्स को रोजमर्रा के कामों में इस्तेमाल करना चाहिए। रूटीन की जगह क्रिएटिव और स्पेशल प्रोजेक्ट पर फोकस रखें। आप जिस भी सेक्टर में हैं, उस सेक्टर के प्रमुख एआई टूल्स पर प्रैक्टिस करते रहें।



## स्पेशलिस्ट और एआई बनाएगा परफेक्ट

बड़ी कंपनियों में सीनियर पोजिशन से भी लोगों को निकाला गया, इसका कारण सिर्फ एआई नहीं हो सकता है। जो लोग 8-10 घंटे में कोई काम करते हैं, वह एआई कुछ मिनटों में कर सकता है। लेकिन एआई स्पेशलिस्ट नहीं बन सकता है। यह एक ऐसी स्किल है, जो हमको एआई से आगे रख सकती है। खुद को किसी भी एक चीज में स्पेशलिस्ट बनाएं। इसके साथ ही एआई टूल्स से भी फ्रेंडली रहेंगे तो मार्केट में आपकी डिमांड बनी रहेगी। अपने सेक्टर में नेटवर्किंग अच्छी रखें, खुद की ब्रैंडिंग के लिए क्रिएटिव रहें और हमेशा कुछ न कुछ नया पढ़ते व सीखते रहें। इसके अलावा रेगुलेटर्स और पॉलिसी मेकर्स को यह जरूर सीखना होगा कि पुरानी चीजों को सिखाने की बजाय अब नई चीजों को सिखाने पर जोर देना चाहिए।

## अपनी क्रिएटिविटी को बढ़ाएं

एआई टूल्स कैसे जवाब देते हैं और कैसे सोचते हैं। इससे वाकिफ रहना जरूरी है। अगर आप एआई को अपना दुश्मन नहीं बल्कि मेंटर मानें, तो आपका काम आसान रहे। इससे क्वालिटी चेक, प्रोजेक्ट प्लानिंग, बेसिक कंटेंट राइटिंग या डेटा एनालिसिस जैसे काम एआई से कराएं। इससे न सिर्फ आपके समय की बचत होगी, बल्कि उस दौरान खुद को अपस्किल करने में लगाएं। अगर आपके पास किसी इंस्टिट्यूट में जाने का समय नहीं है, तो आप एआई के एक्सपर्ट हो या स्पेशल प्रोजेक्ट के जानकार से चीजें ऑनलाइन सीखें। साथ ही उनसे बातचीत का दायरा बढ़ाएं और क्रिएटिविटी पर फोकस रखें। मार्केट में अपनी नेटवर्किंग बनाएं और अपनी स्पेशिलिटी की ब्रैंडिंग करें।





# कॅरियर स्विच करने का बना रहे हैं प्लान तो ध्यान रखें ये बातें

**कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं। ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए।**

कई बार ऐसा होता है कि लोग कॅरियर में स्विच करते हैं। जिस फील्ड को लोग चुनते हैं, उसको छोड़कर अन्य किसी इंडस्ट्री के साथ कनेक्ट हो जाते हैं। हालांकि ऐसा फैसला विभिन्न परिस्थितियों में लिया जाता है। कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं।

ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॅरियर स्विच करने से पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अगर आप भी कॅरियर स्विच करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आप अपने इस फैसले को लेकर कितना श्योर हैं। क्योंकि प्रोफेशन लाइफ में कदम रखने के बाद आप यह बहुत अच्छे से समझ सकते हैं कि इस मोड़ पर कॅरियर स्विच करना कैसा होगा। ऐसे में क्या आप इस फैसले के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। आप चाहें, तो संबंधित फील्ड के अनुभवी और एक्सपर्ट लोगों से सलाह ले सकते हैं। उनकी राय आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी।

आप जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं, वहां पर कॅरियर के क्या ऑप्शन हैं, आपका फ्यूचर कितना सिक्योर है और आगे कहां तक प्रोफेशनल ग्रोथ कर पाएंगे। इस सारी बातों पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। इसलिए यह फैसला जल्दबाजी में न लें। बल्कि सोच-समझकर आगे बढ़ें।

सबसे पहले यह चेक करलें कि दूसरे कॅरियर में स्विच करने के लिए आपके पास पर्याप्त क्वालिफिकेशन और स्किल्स है या नहीं। अगर आपके पास पर्याप्त स्किल और क्वालिफिकेशन नहीं है, तो पहले यह सोचें कि आप जॉब के साथ क्वालिफिकेशन और स्किल्स को पूरा करेंगे, या फिर छोड़कर।

अगर आप नौकरी के साथ यह करते हैं, तो क्या आप इसके लिए पर्याप्त समय निकाल पाएंगे या नहीं। अगर आप जॉब के साथ इसको नहीं कर पाएंगे, तो क्या आपके पास इसके लिए पर्याप्त सेविंग्स है या नहीं। क्योंकि आपको भी नए प्रोफेशनल में सेटल होने में समय लग सकता है।

आप जिस भी फील्ड में स्विच करने की सोच रहे हैं, तो उस फील्ड के लोगों के साथ नया नेटवर्क तैयार करने का प्रयास करें। जिससे की आपको उस फील्ड में आने वाली नौकरी के बारे में मालूम हो सके।



